दिल्ली में केंद्रीय दुग्ध वितरण योजना के केन्द्र

५९८. श्री नवल प्रभाकर : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में केन्द्रीय दुग्ध वितरण योजना के अन्तर्गत कितने दूध के केन्द्र अब चल रहे हैं ;

(ख) प्रति छः महीने में कितने केन्द्र बढ़ाये गये ; और

(ग) दिल्ली में दूध की मांग कितनी है ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री स० का० पाटिल) : (क) २७-४-१९६२ को ४३८

(ख) इस योजना के आरम्भ होने के बाद प्रत्येक छः महीने में खोले गये दुग्ध केन्द्रों की संख्या निम्न प्रकार है :—

३१-१२-५९ को समाप्त होने वाले छः मास	१५०
३०-६-६० को समाप्त होने वाले छः मास	१३०
३१-१२-६० को समाप्त होने वाले छः मास	६२
३०-६-६१ को समाप्त होने वाले छः मास	३५
३१-१२-६१ को समाप्त होने वाले छः मास .	३१
२७-४-६२ तक	३०

(ग) सन् १९५६ में दूध की प्रतिदिन की आवश्यकता ७००० मन की थी। उसके बाद कोई सर्वे नहीं किया गया है।

रानीखेड़ा के समीप हाल्ट स्टेशन

५९९. श्री नवल प्रभाकर : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नांगलोई तथा घेवरा स्टेशनों के मध्य उत्तर रेलवे में रानीखेड़ा के पास एक हाल्ट स्टेशन बनाने की योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक बनने की आशा है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सें० वें० रामस्वामी) : (क) जी, हां।

(ख) इसकी मंजूरी अभी-अभी दी गयी है, निर्माण कार्यक्रम अभी उत्तर रेलवे द्वारा तय किया जाना है।

संघ-राज्य क्षेत्रों में कृषि योग्य भूमि

६००. श्री बड़े : क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) संघ-राज्य क्षेत्रों में वन तथा राजस्व विभागों के अन्तर्गत इस समय कितने एकड़ भूमि कृषि योग्य है ;

(ख) क्या आदिवासी क्षेत्र में संघ-राज्यों में आदिवासियों ने तथा हरिजनों ने वन क्षेत्रों में अतिक्रमण करके वन को कृषि योग्य बनाया है ;

(ग) संघ राज्यों में आदिवासियों पर तथा हरिजनों पर वन विभाग के अतिक्रमण के कितने मामले चलाये हैं ;

(घ) क्या केन्द्रीय शासन ने संघ-राज्यों को वन भूमि कृषि के लिये देने की सिफारिश की है ; और

(ङ) यदि हां, तो संघ-राज्यों ने कितने एकड़ भूमि आदिवासियों तथा हरिजनों को १९६१-६२ में दी है और विशेषतः मध्य प्रदेश शासन ने ?

खाद्य तथा कृषि मंत्री (श्री स० का० पाटिल) : (क) से (ङ). संघीय राज्य